पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्वल्पाहार का आयोजन किया

कुष्ठ आश्रम से आमंत्रित किये विशेष अतिथि

लखनऊः 26 जनवरी, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजभवन में सांयकाल स्वल्पाहार का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, पिछड़ा वर्ग एवं विकलांग कल्याण मंत्री, श्री अम्बिका चैधरी, राजनैतिक पेंशन मंत्री, श्री राजेन्द्र चैधरी, प्राथमिक शिक्षा मंत्री, श्री रामगोविन्द चैधरी, पूर्व राज्यपाल श्री माता प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री श्री एन0डी0 तिवारी, पूर्व सांसद श्री लालजी टण्डन, कांग्रेस के पूर्व मंत्री, श्री अम्मार रिजवी व श्री नरेश चन्द्रा, वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानीगण, लोकायुक्त श्री एन0के0 महरोत्रा, मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन, पुलिस महानिदेशक श्री ए0के0 गुप्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, सेना के अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति व मौलाना खालिद रशीद फरंगीमहली, शाहाब-उद्दीन खाॅं, अध्यक्ष सुन्नी बोर्ड आफ इण्डिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में राज्यपाल ने कुष्ठ आश्रम, आलमबाग के अन्तःवासियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया था।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन में सुबह झण्डारोहण किया। उसके पश्चात् राज्यपाल ने विधान भवन पर आयोजित परेड की सलामी ली तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झाँकियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण सहित गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।